16 फरवरी 2007 को आयोजित
स्पाइसेस बोर्ड की 59 वीं बैठक का कार्यवृत्त

स्पाइसेस बोर्ड की 59 वीं बैठक 16 फरवरी 2007 को दोपहर 2.30 बजे बोर्ड के कार्यालय, कोचिन में आयोजित की गई ।

श्री. वी.जे.कुरियन, भा.प्र.से,अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड ने बैठक की अध्यक्षता की ।

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :

1. श्री. साजन कुरियन कलरिक्कल	उपाध्यक्ष
2. श्री. प्रशान्त गोयल, भा.प्र.से	सदस्य
3. श्री.जोर्ज जोसफ, भा.प्र.से	"
4. श्री.डी.एम.कतिर आनन्द	"
5. श्री. टी.अशोक कुमार	"
6. श्री. एन.जहाँगीर	"
7. श्री. तमिल सेल्वन(उद्यानविज्ञान आयुक्त के प्रतिनिधि)	

निम्नलिखित को अनुपस्थिति छुट्टी प्रदान की गई :

1. श्री.अनन्त कुमार हेगडे,	संसद सदस्य
2. श्रीमती दग्गुबति पुरन्दरेश्वरी	संसद सदस्य
3. श्री.के.पी.के. कुमारन,	संसद (रा.स)
4. श्री.वी.डी. आलम	
5. श्री. राजीव धर	
6. डॉ.वी.प्रकाश	
7. डॉ. वी.ए.पार्थसारथी	
8. डॉ. यू. वेंकटश्वरलू	
9. डॉ. रेणु.एस. परमार	
10. कृषि उत्पादन आयुक्त, केरल सरकार	
11. श्री. विश्वनाथ ओक्ते	

बोर्ड के निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :

1. श्री. वी.के.के.नायर, सचिव
2. श्री. एस.कण्णन, निदेशक(विपणन)
3. डॉ. जे.थॉमस, निदेशक (अनुसन्धान)
4. श्री.पी.टी.जोण, निदेशक (विकास)

अध्यक्ष महोदय ने सबसे पहले सदस्यों का स्वागत किया और पूर्ववर्ती दिवस यानी 15 फरवरी 2007 को दोपहर 2.30 बजे तय की गई असली बैठक में कोरम के अभाव के कारण सदस्यों को हुई असुविधा केलिए खेद प्रकट किया । तदुपरान्त कार्यसूची - मदों पर विचार किए गए ।

मद सं . 1. 17-10-2006 को संपन्न बोर्ड-बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण

पुष्टीकरण किया गया ।

मद सं . 2. 17-10-2006 को संपन्न बोर्ड की बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई पर टिप्पणी

नोट की गई ।

मद सं.3. कालीमिर्च और कालीमिर्च के मूल्य योजित उत्पादों के निर्यात केलिए डब्ल्यू टी ओ संगत इमदाद योजना

इस योजना के संबंध में विस्तार से स्पष्ट किया गया । यह योजना 27 अक्तूबर 2005 को चालू हो गई और आवेदनों की हैसियत से 2 फरवरी 2007 तक यह 20,000 मे.ट. की सीमा तक पहूँच चुकी है। कृषकों ने इस योजना की मात्रा और बढाने का अनुरोध किया और यह मंत्रालय के विचाराधीन है ।

बोर्ड ने स्थिति नोट की ।

मद सं.4 . श्रीमती के.ए. कृष्णांबाल का पुनरोपण ऋण मामला - देय राशि का निपटारा

अनुमोदन किया गया ।

मद सं. 5. भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान(आई सी आर आई), मैलाडुम्पारा में मोबाइल एग्रीक्लिनिक यूनिट की स्थापना

इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से स्पष्ट किया गया । श्री. कतिर आनन्द ने इसको अन्य मसालों केलिए बढाने का अनुरोध किया । अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि यह सिर्फ एक पाइलट प्रोजेक्ट है और इसकी सफलता के आधार पर अन्य मसालों केलिए भी इसे बढाने के बारे में बोर्ड विचार कर सकता है । बोर्ड राज्य सरकार की ओर से अपेक्षित निधि अपनाने की कोशिश कर रहा है, यदि यह उपलब्ध नहीं हो पाती तो, बोर्ड की निधि इस्तेमाल की जाएगी । श्री. जोर्ज जोसफ के एक सवाल पर यह स्पष्ट किया गया कि इस मोबाइल क्लिनिक की सेवा निशुल्क रहेगी ।

मद सं . 6 . स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिकों केलिए फ्लेक्सिबल कॉप्लिमेन्टिंग स्कीम(एफ सी एस) अमल करना

इस योजना के बारे में विशद रूप से स्पष्ट किया गया । बोर्ड ने इस योजना को और इसे अमल करने के प्रस्ताव को नोट किया ।

मद सं. 7. वर्ष 2004-05 केलिए मसाला-निर्यात में उत्कृष्टता हेतु ट्रोफी और पुरस्कार

श्री. कतिर आनन्द ने पीसे और साबुत मसालों के निर्यात केलिए अलग-अलग पुरस्कारों पर विचार करने का सुझाव किया । अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि टास्क फोर्स समितियों में इस सुझाव की जाँच की जा सकती है ।

मद सं.8 बडी इलायची उत्पादकता पुरस्कार

अनुमोदन किया गया ।

मद सं.9. जैव वैनिला पुरस्कार

अनुमोदन किया गया ।

मद सं.10. अप्रैल - दिसंबर 2005 की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2006 के दौरान मसालों के निर्यात निष्पादन की समीक्षा

जनवरी 2007 के अन्त तक के अद्यतन आँकडे परिचालित किए गए । बोर्ड ने चालू वर्ष के निर्यात निष्पादन की सराहना की ।

मद सं.11. अप्रैल-दिसंबर 2005 की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2006 के दौरान भारत में मसालों का आयात

नोट किया गया ।

मद सं. 12. घरेलू तथा विदेशी विपणि में इलायची तथा अन्य मसालों/मसाला उत्पादों के समाकलन, प्रसंस्करण तथा विपणन केलिए एक कम्पनी को बढावा देना

बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया । अध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट किया कि बोर्ड सिर्फ एक मददगार है और कंपनी चलाने में बोर्ड की किसी निधि का निवेश करने का इरादा नहीं है । कंपनी द्वारा इलायची विकास निधि का पैसा इस्तेमाल करने का प्रस्ताव है । सदस्यों ने यह महसूस किया कि कंपनी के क्रियाकलापों में अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड का पर्याप्त अधिकार होना वाँछनीय रहेगा ।

मद सं. 13. स्पाइसेस बोर्ड की लेखापरीक्षा रिपोर्ट/प्रमाणित लेखा 2005-06

नोट किया गया ।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए बैठक सायं 3.30 बजे समाप्त हो गई ।

....